▶ अमेरिकी बाजारों की कमजोरी और कच्चे तेल में उछाल से निवेशकों का भरोसा डगमगाया

सेंसेक्स 813 अंक टूटा, निफ्टी 23,432 पर बंद, आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट

● मुंबई / एजेंसी

विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और रुपये में गिरावट के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को जोरदार बिकवाली हुई। प्रमुख सूचकांकों में यह लगातार तीसरे कारोबारी सत्र की गिरावट रही। अंतिम घंटे में बिकवाली बढ़ने से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों इस साल 11 जून के बाद के निचले स्तर पर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 361 अंक गिरकर 75,216 अंक पर खुला और पूरे दिन लाल निशान में रहा। कारोबार के अंत में यह 813.35 अंक यानी 1.08 फीसदी गिरकर 74,764.23 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी-50 भी 203.60 अंक यानी 0.86 फीसदी टूटकर 23,431.50 अंक पर आ गया। अमेरिकी शेयर बाजारों में मंगलवार को आई गिरावट का असर बुधवार को दुनियाभर के बाजारों पर दिखाई दिया। भारतीय बाजार में खासतौर पर आईटी कंपनियों में भारी बिकवाली रही।

एचसीएल टेक 4.55 प्रतिशत और इंफोसिस 4.43 प्रतिशत लुढ़के

आईटी इंडेक्स में 3.24 फीसदी की गिरावट : घरेलू कारोबार में निफ्टी आईटी सूचकांक 3.24 फीसदी टूट गया। रियल्टी सूचकांक में 2.23 फीसदी और वित्तीय समूह में 1.24 फीसदी की गिरावट रही। धातु समूह को छोड़कर अन्य सभी प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। धातु सूचकांक 1.79 फीसदी चढ़ा। एफएमसीजी, बैंकिंग और मीडिया सूचकांक भी एक फीसदी कमजोर रहे। एनएसई की 3,676 कंपनियों में से 2,092 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि 1,481 में तेजी रही। 103 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयर भी बिकवाली से अछूते नहीं रहे। निफ्टी मिडकैप-50 में 0.55 फीसदी और स्मॉलकैप-100 में 0.48 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इसके विपरीत अडानी पोर्ट्स 3.67 फीसदी चढ़ा। टाटा स्टील में 2.42 फीसदी, ट्रेंट में 1.12 फीसदी की तेजी रही। एनटीपीसी का शेयर भी बढ़त में बंद हुआ।

सेंसेक्स की 30 में 24 कंपनियां नुकसान में

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 24 शेयर गिरावट में रहे। आईटी शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज 4.55 फीसदी, इंफोसिस 4.43 फीसदी, टेक महिंद्रा 3.87 फीसदी और टीसीएस 2.26 फीसदी टूटे। एचडीएफसी बैंक में 2.23 फीसदी, हिंदुस्तान यूनिलीवर में 1.89 फीसदी, बजाज फाइनेंस में 1.42 फीसदी और अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.39 फीसदी की गिरावट रही। भारती एयरटेल, बीईएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और इंडिगो भी नुकसान में बंद हुए। एलएंडटी, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, एसबीआई, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और इटरनल के शेयरों में भी गिरावट रही।

एशिया और यूरोप के बाजार भी रहे कमजोर

वैश्विक बाजारों में जापान का निक्केई 0.19 फीसदी और हांगकांग का हैंगसेंग 0.17 फीसदी नीचे रहा। चीन का शंघाई कंपोजिट 0.28 फीसदी की बढ़त में बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार के दौरान जर्मनी का डैक्स 1.49 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 1.02 फीसदी नीचे कारोबार कर रहा था।

तनाव बढ़ने से कच्चे तेल में उछाल,ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर के पार, सात हफ्ते के उच्चतम स्तर पर

● नई दिल्ली / एजेंसी

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच ब्रेंट क्रूड का भाव 9 सितंबर को 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। 24 जुलाई के बाद पहली बार ब्रेंट ने यह स्तर पार किया है।

मध्यपूर्व में बढ़ते सैन्य तनाव से कच्चे तेल की आपूर्ति को लेकर आशंकाएं गहराने के कारण कीमतों में तेजी आई है। अमेरिकी सेना ने 8 सितंबर को दावा किया कि उसने ईरान के पांच ऑयल टैंकरों को ध्वस्त किया है। अमेरिका के अनुसार, ईरान ने अमेरिकी नौसेना के एक युद्धपोत पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया था, जिसके जवाब में ईरानी तेल टैंकरों को निशाना बनाया गया। इस घटनाक्रम के बाद मध्यपूर्व में तनाव और बढ़ गया है।बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतें पिछले सात सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। एक सप्ताह में क्रूड करीब 4 प्रतिशत और एक महीने में 14 प्रतिशत महंगा हुआ है।

2026 में अब तक इसकी कीमत में करीब 64 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। भारत का क्रूड बास्केट भी 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है।

हुंडई मोटर बाजार में बढ़ाएगी हिस्सेदारी, लाएगी किफायती इलेक्ट्रिक एसयूवी

नई दिल्ली, एजेंसी। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने की तैयारी कर रही है। कंपनी जल्द ही एक नई लोकलाइज्ड मास-मार्केट इलेक्ट्रिक एसयूवी पेश करेगी। इसे विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन प्लेटफॉर्म पर विकसित किया गया है और इसका उद्देश्य अधिक से अधिक ग्राहकों तक ईवी को पहुंचाना है। फिलहाल कंपनी के इलेक्ट्रिक पोर्टफोलियो में आईओएनआईक्यू 5 और क्रेटा इलेक्ट्रिक शामिल हैं। नई एसयूवी के जरिए हुंडई किफायती ईवी बाजार में अपनी मौजूदगी बढ़ाना चाहती है। हुंडई का लक्ष्य इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर बदलाव को सुविधाजनक, भरोसेमंद और फायदेमंद बनाना है।

अकासा की मुंबई-गोवा उड़ान में हरित ईंधन का इस्तेमाल

2030 तक पांच प्रतिशत हरित ईंधन लक्ष्य

● नई दिल्ली, / एजेंसी

विमानन क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन घटाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत अकासा एयर के विमान ने मंगलवार को मुंबई से गोवा की वाणिज्यिक उड़ान में हरित विमान ईंधन (एसएएफ) का इस्तेमाल किया। इस उड़ान के लिए भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने 1 प्रतिशत हरित विमान ईंधन मिश्रित एटीएफ उपलब्ध कराया। विमान ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दोपहर 1.05 बजे उड़ान भरी और 2.30 बजे गोवा के मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। अकासा एयर और बीपीसीएल ने जुलाई में हरित विमान ईंधन को बढ़ावा देने तथा विमानन क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन कम करने के अवसर तलाशने के लिए समझौता किया था।

टिकाऊ विकल्पों पर ध्यान देना जरूरी

बीपीसीएल के निदेशक (मार्केटिंग) शुभंकर सेन ने कहा कि पारंपरिक ईंधन से टिकाऊ विकल्पों की ओर बढ़ना पर्यावरण और ऊर्जा सुरक्षा, दोनों दृष्टि से जरूरी है। उन्होंने कहा कि घरेलू और टिकाऊ ऊर्जा समाधानों से आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने में मदद मिल सकती है।

अकासा एयर के मुख्य वित्तीय अधिकारी अंकुर गोयल ने कहा कि कंपनी के लिए स्थिरता प्रमुख मूल्यों में शामिल है और वह अगली पीढ़ी के विमानों, तकनीक तथा जिम्मेदार परिचालन में निवेश कर रही है।

M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN COMPANY LTD.
Office of the Dy. General Manager (City East) Division Gwalior
Roshanighar, Campus Gwalior (M.P.) Email : Dgmeast07@gmail.com
No. DGM/EAST/2026-27/3439 — Gwalior, Dated 08.09.2026

NOTICE INVITING E-TENDER (OPEN TENDER)

M.P.M.K.V.V.Co.Ltd, hereby invites e-tender for hiring the below mentioned type of vehicles in the following Location.

Name of Unit/Office	Particulars	Tender Fee (Rs.)	Date of Opening of Bids Online
Office of the Maharajpura Zone Under DGM (City East Division), MPMKVVCL Gwalior (M.P.)	Type F2: Mini Pick up - Double cabin with ladder/Any Low-End SUV half open from backside for carriage of man, materials, ladder, etc. or equivalent	500/- + GST @18% Extra	16.09.2026 at 15:00 hrs.

Other details, terms and conditions are available on company **website : https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/127968/2026 — DGM (EAST CITY)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 ग्वालियर
फोन नं. 0751-2371231 ईमेल: eepwd1gwl@nic.in

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 18/टी.सी./डी-1 ग्वा./2026-27 — दिनांक 07/09/2026

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु नवीन निविदा प्रपत्र 2.10 पर आमंत्रण की सूचना क्र. 18 ग्वालियर दिनांक 07/09/2026 द्वारा प्रचलित भवनध्थ कार्यों की दर अनुसूची दिनांक 01/01/2024 / 11/04/2025 पर निविदायें लो.नि.वि. में केन्द्रीयीत पंजीकृत ठेकेदार श्रेणी हेतु आमंत्रित की जाती हैं जिसका सम्पूर्ण विवरण http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। विभाग तकनीकी समस्याओं के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। एवं किन्हीं कारणों से की जाने वाली परिवर्तन की सूचना वेवसाइड पर हीं देखें पृथक से प्रकाशित नहीं की जावेगी।

क्र.	टेण्डर नम्बर	कार्य का नाम	(1) ठेके की अनु. लागत राशि रु. (2) अमानत राशि	टेण्डर फार्म की राशि (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	1. आमंत्रण क्रं. 2. पंजीयन श्रेणी
1	2026_PWDRB _534127_1	लो.नि.दि. संभाग क्र.-1 ग्वालियर के अन्तर्गत बी.टी. नवीनीकरण कार्य पी.टी. एस. तिघरा हॉस्टल मार्ग लं. 1.50 कि.मी., एस.एल.पी. कॉलेज से मुरार बांध बढ़ागांव चौराहा तक व्हाया लाल टिपारा और गौशाला पहुंच मार्ग लं. 2.50 कि.मी. एवं बीरपुरा वन चौकी से तिलधना मार्ग व्हाया रामप्रसाद का पुरा सीतापुरा पंचोपुरा मार्ग लं. 5.20 कि.मी. कुल लम्बाई 9.20 कि.मी. (द्वितीय आमंत्रण)	1. 173.58 लाख 2. 173580/-	12500/- (पोर्टल चार्ज)	03 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार

कुल कार्य संख्या 01 (एक)
ऑनलाइन निविदा जारी व डाउनलोड करने की आरम्भ तिथि — 07/09/2026 प्रातः 10:30
ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि — 22/09/2026 सांय: 17:30
24/09/2026 प्रात: 11:00

निविदा फार्म ऊपर दर्शित बेवसाइड पर (व्दसपदमै लेजमउ) ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। तथा सम्पूर्ण जानकारी पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1
ग्वालियर (म.प्र.)
फोन 07512371231

G-18354/26 — बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल

पश्चिम रेलवे - भावनगर मण्डल
विभिन्न इंजीनियरींग कार्य

क्रम सं.	ई-निविदा सं.	कार्य का नाम	निविदा मूल्य (₹)	ईएमडी (₹)
01	144-2026-27	ग्रुप कार्य :- DEN/पूर्व क्षेत्राधिकार : (1) घोला-सोनगढ - CC+8+2 रूट्स - TRR(P) - 11 Tkm (2) सिहोर-भावनगर टर्मिनस - TRR(P) - 12.00 Tkm के स्वीकृत हो चुके कार्य के सामने ट्रैक संबंधित प्रवृत्तियां।	5,32,12,487.86	10,64,300.00
02	145-2026-27	घोला - भावनगर टर्मिनस - विभिन्न स्थानों - 30.560 Tkm अंतर्गत सेस का विस्तार।	5,24,37,595.58	10,48,800.00
03	146-2026-27	ग्रुप कार्य :- (1) घोला-ढसा अनुभाग - PRCL अनुभाग में किमी 24/9-25/0 अंतर्गत LC सं. 18 अंतर्गत 5.00 X 4.50 m (साइज 1 X 5.00 M X 4.5 M बोक्स) साइज के LHS का निर्माण। (2) सुरेन्द्रनगर-घोला अनुभाग : PRCL लाइन पर किमी 15/7-8 अंतर्गत मानवसहित LC सं. 114 के स्थान पर (2.00 X 5.00 M X 4.00 M बोक्स साइज के) RUB का निर्माण। (3) सुरेन्द्रनगर-घोला अनुभाग - PRCL लाइन में किमी 17/3-4 अंतर्गत मानवसहित LC सं. 115 के स्थान पर LHS/RUB का निर्माण। (4) सुरेन्द्रनगर-घोला अनुभाग - किमी 20/1-2 अंतर्गत C-श्रेणी मानवसहित LC सं. 116 के स्थान पर RUB का निर्माण। (5) सुरेन्द्रनगर-घोला अनुभाग - PRCL लाइन पर किमी 32/2-3 अंतर्गत LC सं. 127 एवं किमी 33/9-34/0 अंतर्गत LC सं. 129 के स्थान पर (1 X 5.00 M X 4.5 M बोक्स साइज के) RUB का निर्माण। (6) सुरेन्द्रनगर-घोला अनुभाग : PRCL अनुभाग में किमी 32/9-33/0 अंतर्गत LC सं. 128 अंतर्गत 5 X 4.50 M साइज के LHS का निर्माण। (7) सुरेन्द्रनगर-घोला अनुभाग - PRCL लाइन पर किमी 58/4-5 अंतर्गत LC सं. 148, किमी 68/8-9 अंतर्गत LC सं. 156 एवं किमी 73/0-1 अंतर्गत LC सं. 159 के स्थान पर (1 X 5.00 M X 4.5 M बोक्स साइज के) RUB का निर्माण। (8) सिहोर-पालीताणा अनुभाग - किमी 6/7-8 अंतर्गत LC सं. 7 के स्थान पर LHS का निर्माण। (9) PRCL अनुभाग पर घोला-ढसा अनुभाग के बीच किमी 19/5-6 अंतर्गत LC सं. 15 एवं किमी 24/0-1 अंतर्गत LC सं. 17 अंतर्गत 5 X 4.50 m साइज के LHS का निर्माण। (10) घोला-भावनगर अनुभाग :- किमी 140/3-4 अंतर्गत LC सं. 198 अंतर्गत 5 X 4.50 m साइज के LHS का निर्माण। (11) भावनगर मण्डल :- PRCL लाइन में सुरेन्द्रनगर-घोला के बीच किमी 55/6-7 अंतर्गत LC सं. 145 अंतर्गत सबवे का निर्माण। (12) साबरमती-बोटाद अनुभाग - किमी 159/9-160/0 अंतर्गत B2-श्रेणी मानवसहित LC सं. 153 के स्थान पर (4M X 5M बोक्स साइज के) RUB का निर्माण। (13) साबरमती-बोटाद अनुभाग - किमी 106/5-6 अंतर्गत LC सं. 105, किमी 123/2-3 अंतर्गत LC सं. 116 के स्थान पर RUB का निर्माण।	1,48,25,92,282.90	2,96,51,900.00

उपरोक्त सभी निविदा के लिए :- बिडिंग प्रारंभ होने की तारीख: 16/09/2026 एवं बिडिंग समापन की तारीख: 30/09/2026 वेबसाईट विवरण www.ireps.gov.in
BVP-122

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: x.com/WesternRly

पुलिस मुख्यालय, गृह (पुलिस) विभाग, म.प्र. शासन के अंतर्गत आरक्षक (जी.डी.) की सीधी भर्ती हेतु चयन परीक्षा 2026 के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं

आवेदन पत्र भरने की तिथि 22.09.2026 से 06.10.2026 तक | ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय सारणी | आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि 22.09.2026 से 11.10.2026 तक

संभावित परीक्षा दिनांक	परीक्षा की पाली	अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय	उत्तर अंकित का समय
19.11. 2026 से प्रारंभ	प्रथम	प्रात: 08:00 से प्रात: 09:00 बजे तक	प्रात: 10:00 से 12:00 बजे तक (02 घंटे)
	द्वितीय	दोपहर 01:00 से दोपहर 02:00 बजे तक	दोपहर 03:00 से 05:00 बजे तक (02 घंटे)

आवेदन पत्र भरने की प्रकिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश:-

1. परीक्षा के नियम, विभागवार रिक्त पदों की आरक्षण तालिकाएं एवं परीक्षा संचालन नियम से संबंधित विस्तृत नियम पुस्तिका मण्डल की वेबसाइट **www.esb.mp.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमों/जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाइट **www.esb.mponline.gov.in** के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. संभावित परीक्षा शहर- अनूपपुर, बड़वानी, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खण्डवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, सीधी एवं उज्जैन।
4. **परीक्षा शुल्क***

मण्डल का परीक्षा शुल्क	अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए	रु. 500/- प्रति प्रश्न पत्र
	केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस. अभ्यर्थियों के लिए	रु. 250/- प्रति प्रश्न पत्र
पुलिस विभाग की विभागीय परीक्षा शुल्क	अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए	रु. 200/-
	केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस. अभ्यर्थियों के लिए	रु. 100/-

ऑनलाइन आवेदन- कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क 60/- देय होगा। इसके अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटिजन यूजर के माध्यम से लॉगिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क 20/- देय होगा।

विशेष निर्देश

1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
2. मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, आधार कार्ड, पासपोर्ट, में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI)के द्वारा सत्यपित (Verify) होने पर ही ई-आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड की छायाप्रति/आधार नंबर/आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमैट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। अत: जिन अभ्यर्थियों का आधार नंबर लॉक हैं, वह परीक्षा दिनांक को परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति के पूर्व आधार अनलॉक करवाना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थियों की प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, लॉग टेबल्स, डिजीटल घड़ी, नकल पर्चा एवं sun glasses (धूप का चश्मा) आदि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मण्डल वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण मण्डल द्वारा नहीं किया जाकर नियुक्ति प्रकिया के दौरान संबंधित विभाग द्वारा किया जाता है। अत: कंम्प्यूटर आधारित (Online)परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णत: प्रावधिक (Provisional)होगी।

विशेष नोट- मण्डल अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पाली/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।

विज्ञापन क्र.19/2026

संचालक
मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल
Madhya Pradesh Employees Selection Board(MPESB)
'चयन भवन' मेन रोड नं. - 1, चिनार पार्क (ईस्ट) भोपाल - 462011
FAX: +91-0755-2550498, website : www.esb.mp.gov.in
म.प्र. माध्यम/127987/2026

SHAMROCK OVERSEAS LIMITED
PUBLIC NOTICE
NOTICE FOR IMPORT, SELF-MANUFACTURE AND SALE OF FERTILIZERS

We are pleased to inform the general public that **Shamrock Overseas Limited intends to self-manufacture and import, market, store and sell the following fertilizers in the State of Madhya Pradesh and other States,** subject to the provisions of the **Fertilizer (Control) Order, 1985 (FCO)** and other applicable rules, regulations and Government notifications:

S. No.	Product Name	Category
A.	IMPORTED 100% WATER SOLUBLE MIXTURE FERTILIZERS	
01	NPK 00:60:20	Imported
02	NPK 15:00:15	Imported
B.	IMPORTED NP COMPLEX FERTILIZER	
01	Ammonium Poly-Phosphate – 10:34:00	Imported
C.	100% WATER SOLUBLE MIXTURE FERTILIZERS	Self-Manufactured
01	NPK 13:40:13	Self-Manufactured
02	NPK 19:19:19	Self-Manufactured
03	NPK 16:08:24	Self-Manufactured

The above products shall be **imported and/or self-manufactured, marketed, stored and sold strictly in accordance with the applicable provisions of the Fertilizer (Control) Order, 1985 (FCO), including the prescribed specifications, standards, labelling and other statutory requirements,** as applicable. Any person having any **objection or suggestion** regarding the import, self-manufacture, marketing, storage or sale of the above-mentioned products may submit the same in writing before the **Competent Authority, Department of Farmer Welfare & Agriculture Development, Government of Madhya Pradesh,** within the prescribed period. **For SHAMROCK OVERSEAS LIMITED, Raipur, Chhattisgarh**

सार्वजनिक सूचना
(दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 की धारा 102 के अंतर्गत)

श्री कृष्ण देव सिंह (कॉर्पोरेट देनदार मैसर्स बारमेंद्र एग्रोटेक (प्रा.) लि. के व्यक्तिगत गारंटर) के लेनदारों के ध्यानार्थ हेतु

प्रासंगिक विवरण		
1.	व्यक्तिगत गारंटर का नाम (पीजी)	श्री कृष्ण देव सिंह
2.	कॉरपोरेट देनदार का नाम, पता और सीन	मैसर्स बारमेंद्र एग्रोटेक (प्रा.) लिमिटेड पता: किला, डाकघर उंचेहरा, जिला सतना, मध्य प्रदेश - 485661, सीन: U24211MP2006PTC018387
3.	व्यक्तिगत गारंटर के निवास का पता	किला, उचेहरा सतना, मध्य प्रदेश 485661
4.	न्यायनिर्णयन प्राधिकारी के आदेश का विवरण	माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, इंदौर पीठ ने मैसर्स बारमेंद्र एग्रोटेक (प्रा.) लि. की व्यक्तिगत गारंटर श्री कृष्ण देव सिंह के विरुद्ध दिवाला समाधान प्रक्रिया को वाद संख्या CP(IB)38(MP)2024 के माध्यम से स्वीकार कर लिया है।
5.	आईबीसी, 2016 के अंतर्गत पीजी के संबंध में दिवाला समाधान प्रक्रिया के प्रारंभ होने की तारीख	02.09.2026 (आदेश की प्रति 07.09.2026 को प्राप्त हुई)
6.	समाधान पेशेवर का नाम और पंजीकरण संख्या	श्री अनुज माहेश्वरी IBBI/IPA-001/IP-P-02907/2024-2025/14460
7.	बोर्ड के पास पंजीकृत समाधान पेशेवर का पत्राचार का पता और ई-मेल	प्रणाम, 5, तुलसी विला, 3/1, ओल्ड पलासिया, ग्रेटर कैलाश रोड, इंदौर, मध्य प्रदेश - 452018 ई-मेल: ipanujmaheshwari@gmail.com
8.	समाधान पेशेवर के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किया जाने वाला पता और ई-मेल	प्रणाम, 5, तुलसी विला, 3/1, ओल्ड पलासिया, ग्रेटर कैलाश रोड, इंदौर, मध्य प्रदेश - 452018 ई-मेल: pg.barmendra@gmail.com
9.	दावों को प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख	01.10.2026
10.	प्रासंगिक प्रपत्र यहां उपलब्ध हैं:	वेबलिंक https://ibbi.gov.in/en/home/downloads

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, इंदौर पीठ ने 02.09.2026 को श्री कृष्ण देव सिंह (कॉर्पोरेट देनदार - मेसर्स बारमेंद्र एग्रोटेक (प्रा.) लि. के व्यक्तिगत गारंटर, के विरुद्ध दिवाला समाधान प्रक्रिया प्रारंभ करने का आदेश दिया है (आदेश की प्रति 07.09.2026 को प्राप्त हुई)।

श्री कृष्ण देव सिंह के लेनदारों से एतद्वारा आह्वान किया जाता है कि वे 01.10.2026 को या उससे पूर्व प्रविष्टि संख्या 8 के समक्ष उल्लिखित पते पर समाधान पेशेवर के समक्ष प्रमाण सहित अपने दावे प्रस्तुत करें।

वित्तीय लेनदार अपने दावे प्रमाण सहित केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी लेनदार प्रमाण सहित अपने दावे व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

दावे के झूठे या भ्रामक प्रमाण प्रस्तुत करने पर दंड लगाया जाएगा।

दिनांक: 10.09.2026
स्थान: इंदौर

सीए अनुज माहेश्वरी
IBBI/IPA-001/IP-P-02907/2024-2025/14460
AFA वैधता 31.12.2026 तक

Piramal Finance

पंजीकृत कार्यालय पता: यूनिट नंबर-601, 6वां तल, पिरामल अमिटी बिल्डिंग, पिरामल अगस्त्य कॉर्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई-400 070
सीआईएन: L65910MH1984PLC032639, वेबसाइट:- www.piramalfinance.com

मांग सूचना

सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के सेक्शन 13(2) के तहत, सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के रूल 3 (1) के साथ। अधोहस्ताक्षरकर्ता ने, सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (उपरोक्त एक्ट) के तहत पीरामल फाइनेंस लिमिटेड (PFL) (पहले पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) के प्राधिकृत अधिकारी हैं। सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के रूल 3 के साथ पढ़े गए एक्ट के सेक्शन 13(12) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम के सेक्शन 13(2) के तहत मांग सूचना जारी किए हैं, जिसमें नीचे दिए गए ऋणकर्ता(ओं) ("उक्त ऋणकर्ता(ओं)") से कहा गया है कि वे उन्हें जारी किए गए संबंधित डिमांड नोटिस(स) में बताई गई रकम चुका दें, जो नीचे भी दिए गए हैं। इस संबंध में, उक्त ऋणकर्ता(ओं) को एक बार फिर नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशित होने के 60 दिनों के अंदर, नीचे दर्शाई गई रकम, साथ ही उक्त मांग सूचना(ओं) में दिए गए ब्याज के साथ, नीचे बताई गई तारीख(खों) से लेकर भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, उक्त ऋणकर्ता(ओं) द्वारा किए गए अन्य दस्तावेजों/लिखित रूप में, अगर कोई हों, के साथ पठित ऋण अनुबंध के तहत देय, पीएफएल को भुगतान करें। ऋण के सही भुगतान के लिए धरोहर के तौर पर, इन ऋणकर्ता(ओं) ने पीएफएल के पास क्रमशः निम्न दर्शाई संपत्तियां गिरवी रखी गई हैं।

क्र. सं.	उधारकर्ता(ओं) /गारंटर का नाम	डिमांड नोटिस तिथि और राशि और एनपीए तिथि	सुरक्षित संपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण
1.	(इंदौर ब्रांच का LC नंबर M0076427) अजीत सखी (ऋणकर्ता) विनीता लाई सखी (सह-ऋणकर्ता 1)	तिथि: 17-08-2026/ रु. 39,22,775/- (रूपये उनचालीस लाख बाईस हजार सात सौ पचहत्तर मात्र) एनपीए (03-08-2026)	प्रॉपर्टी हाउस नंबर 36, एमआईजी प्रथम तल, तीन पुलिया, परदेशीपुरा, इंदौर जिला इंदौर म.प्र. एरिया-69.30 वर्ग मी.
2.	(इंदौर ब्रांच का LC नंबर M0086248) मोहन खांडे (ऋणकर्ता) राधा खांडे (सह-ऋणकर्ता 1)	तिथि: 17-08-2026/ रु. 36,79,281/- (रूपये छत्तीस लाख उन्यासी हजार दो सौ इक्यासी मात्र) एनपीए (03-08-2026)	यह प्रॉपर्टी फ्लेट नंबर 201, "समृद्धि एलीट" का सेकंड फ्लोर है, जो प्लॉट नंबर 05 पर बना है और "अरिहा एन्क्लेव", ग्राम तेजपुर गड़बड़ी, तहसील और जिला इंदौर, मध्य प्रदेश में है। सुपर बिल्ट अप 1777 वर्ग फुट है।
3.	(इंदौर ब्रांच का LC नंबर HLSA000E004D) आनंद मोयडे (ऋणकर्ता) सीमा मोयडे (सह-ऋणकर्ता 1)	तिथि: 17-08-2026/ रु. 36,49,916/ - (रूपये छत्तीस लाख उनचास हजार नौ सौ सोलह मात्र) एनपीए (03-08-2026)	संपत्ति विवरण: प्लॉट नंबर 121 का हिस्सा, कृषि विहार कॉलोनी, गांव हरन्याखेड़ी, तहसील महू, इंदौर, जिसका माप 750 वर्ग फुट है।
4.	(ग्वालियर ब्रांच का LC नंबर BLSA0007AA83) मनीष खान (ऋणकर्ता) काले खान (सह-ऋणकर्ता 1) मदीना (सह-ऋणकर्ता 2)	तिथि: 17-08-2026/ रु. 26,44,908/ - (रूपये छब्बीस लाख चौवालीस हजार नौ सौ आठ मात्र) एनपीए (03-08-2026)	सेल डीड के अनुसार, प्रॉपर्टी प्लॉट प्रॉपर्टी के तौर पर, गांव मेहगांव, पी.एच. नंबर 40, रा. नि. मान. मेहगांव, तहसील मेहगांव और जिला भिंड (मध्य प्रदेश) में है। नगर पंचायत मेहगांव वार्ड नंबर 12, लैंड सर्वे नंबर 1706 गांव मेहगांव का हिस्सा। एरिया 1549 वर्ग फुट है।
5.	(इंदौर ब्रांच का LC नंबर HLSA000DC10F) नवीन राठौर (ऋणकर्ता) अमिता राठौर (सह-ऋणकर्ता 1)	तिथि: 17-08-2026/ रु. 24,98,562/ - (रूपये चौबीस लाख अट्ठानवे हजार पांच सौ बासठ मात्र) एनपीए (03-08-2026)	प्लॉट नंबर 323 वाली रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी का सारा अधिकार, टाइटल और इंटरेस्ट, जिसका माप 1008 वर्ग फुट है। 93.68 वर्ग मीं. "ट्यूलिप ग्रांडे", गांव राजोदा, तहसील सांवेर और जिला इंदौर, मप्र में मौजूद।
6.	जबलपुर ब्रांच का LC नंबर HLSA00098750 शकील खान (ऋणकर्ता) रुखसार खान (सह-ऋणकर्ता 1)	तिथि: 17-08-2026/ रु. 23,61,078/ - (रूपये तेईस लाख इकसठ हजार अठहत्तर मात्र) एनपीए (03-08-2026)	प्लॉट मौजा अमखेरा, एनबी 04, पीएच नंबर 22/24 (पुराना) 80 (नया) हल्का-अमखेरा, आरएनएम महाराजपुर में है, डायवर्टेड जमीन का हिस्सा जिसका खसरा नंबर 49/2 है, म्यूटेशन डायवर्सन के बाद खसरा नंबर 49/2/2/1/2 प्राइवेट लेआउट का हिस्सा प्लॉट नंबर 34 एरिया 25'x25' 625 वर्ग फीट (58.06 वर्ग मी.) कंस्ट्रक्शन के साथ, नगर निगम वार्ड नंबर 74 तहसील-पनागर (पुराना) अधारताल (नया) और जिला- जबलपुर (मप्र)।
7.	(इटारसी ब्रांच का LC नंबर HLSA00061E00 और BLSA000184A1) मोहित पटवा (ऋणकर्ता) पुष्पा पटवा (सह-ऋणकर्ता 1) अभिषेक पटवा (सह-ऋणकर्ता 2) राजकुमार पटवा (सह-ऋणकर्ता 3)	07-08-2026/ रु. 29,16,912/ - (रूपये उनतीस लाख सोलह हजार नौ सौ बारह सिर्फ) एनपीए (03-06-2025)	प्लॉट नंबर 22/2-A/2 शीट नंबर 43 पटवारी हल्का नंबर 12, होशंगाबाद-461111
8.	(भोपाल ब्रांच का LC नंबर BLSA00057EEA सलीम खान (ऋणकर्ता) जुबेदा बी (सह-ऋणकर्ता 1) मोहम्मद लतीफ खान (सह-ऋणकर्ता 2) श्री मलक देवकॉन (सह-ऋणकर्ता 3)	18-08-2026/ रु. 82,84,754/ - (रूपये बयासी लाख चौरासी हजार सात सौ चौवन रुपये) एनपीए (09-07-2026)	एक रेजिडेंशियल मकान/प्लॉट नंबर 274, एयरो सिटी फेज-1, (बीडीए द्वारा डेवलप किया गया) जिसमें एरिया 2324.16 वर्ग फीट है, खसरा नंबर 425/2, 425/1, 430/2/1, 384, 398/1/2, 401, 173/2, 445/1, 443/1-444, 172/1, 449, 173/1, 440/1, 364/3, 365/1, 366/2, 367, 375/1, 393/3, 396, 397, 398/1/1, 410/1 का हिस्सा, 402/1-402/2, 404, 435/2मिन-1, 432, 435, 408, 177/2-177/1/1, 177/3, 177/4, 177/1/2, 410/2, गोदरमऊ गांव में स्थित, नगर निगम वार्ड नंबर 01, तहसील- हुजूर, जिला भोपाल (मध्य प्रदेश) के अंतर्गत आता है, जिसकी सीमा इस प्रकार है:-
9.	(भोपाल ब्रांच का LC नंबर 13400001338) श्री राकेश सिंह (ऋणकर्ता) सुनीता सिंह (सह-ऋणकर्ता 1)	18-08-2026/ रु. 45,05,694/ - (रूपये पैंतालीस लाख पाँच हजार छह सौ चौरानबे रुपये) एनपीए (09-07-2026)	मकान नं. ई-2/340, अरेरा कॉलोनी, सेक्टर ई-2, भोपाल, मध्य प्रदेश, हुजूर- 462011, लैंडमार्क-नर्मदा हॉस्पिटल

अगर उपरोक्त ऋणकर्तागण पीएफएल को दर्शाए गए तरीके से भुगतान करने में असफल रहते हैं, तो पीएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत ऊपर दर्शाई गई सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा, जिसका पूरा जोखिम, लागत और परिणाम पूर्ण रूप से दर्शाए गए ऋणकर्तागण का होगा। बताए गए ऋणकर्तागण को अधिनियम के तहत पीएफएल की पूर्व अनुमति के बिना, बिक्री, लीज या किसी और तरह से, ऊपर दर्शाई गई संपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो दर्शाए गए अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, उसे अधिनियम के तहत जेल और/या जुर्माना हो सकता है।

तिथि: 10 सितंबर, 2026
दिनांक: मध्य प्रदेश

हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी)
पिरामल फाइनेंस लिमिटेड